उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
निकट– महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।
(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः–314/गोपन/2026–27 दिनांकः 20 नवंबर, 2026

संवाद

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग देहरादून के विज्ञप्ति/प्रवेश–पत्र संख्या 292 दिनांक 17 नवम्बर, 2026 द्वारा उत्तराखण्ड वन विकास निगम के अंतर्गत स्केलर पदों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा हेतु परीक्षण केन्द्रों व तिथि का विवरण जारी की गयी थी। प्रश्नगत माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 23 नवंबर, 2026 से आयोजित की जा रही है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से जनपद– नैनीताल एवं जनपद–हरिद्वार में स्केलर के पदों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षण स्थलों को निम्नानुसार परिवर्तित किया जाता हैः–

क्र0सं0	जनपद	पूर्व में निर्धारित परीक्षण स्थल	संशोधित परीक्षण स्थल
1.	हरिद्वार	40 बटालियन, पी0ए0सी0 ग्राउण्ड, हरिद्वार।	स्पोर्टस स्टेडियम, रोशनाबाद, हरिद्वार।
2.	नैनीताल(हल्द्वानी)	स्पोर्टस स्टेडियम, गौलापार, हल्द्वानी।	स्पोर्टस स्टेडियम, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर।

अतः उक्त परीक्षा केन्द्रों हेतु आवंटित अभ्यर्थिगण अपने प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा तिथि व समय केअनुसार उक्त सशोधित परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त शेष जनपदों के परीक्षा केन्द्र यथावत् रहेंगे।

Digitally signed by Nandan Singh Dungariyal
Date: 20-11-2026 20:19:27

(नन्दन सिंह डुंगरियाल)
सचिव।